## संक्षिप्त समाचार

### इलाज के दौरान घायल की मौत, रास्ते में ई-रिक्शा खड़ा करने पर हुआ था विवाद, हत्या का आरोप

**कानपुर एजेंसी।** हमीरपुर जिले में रास्ते में ई-रिक्शा खड़ा करने के विवाद में हुई मारपीट के बाद घायल ई-रिक्शा चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित पक्ष ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। सदर कोतवाली के कलौलीतीर गांव निवासी पीड़ित पत्नी जयत्री देवी ने दी तहरीर में बताया कि उसका पति शिवराम (55) पिछले सात दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे गांव में नीलू की दुकान पर बैठा था।

तभी गांव के चार लोग लाठी-डंडों से लैस होकर उसे बीच रास्ते में रिक्शा खड़ा करने का आरोप लगा गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो उनके पति व उसे मारापीटा। पुलिस को सूचना दी, तो दोनों पक्षों का समझौता करा दिया। पति की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से उन्हें कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। उनको ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सीओ राजेश कमल ने कहा कि बीते दिनों दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। दोनों पक्षों ने कोतवाली में समझौता भी कर लिया था। बताया कि मृतक काफी समय से बीमार था। उसे जिला मृत हालत में जिला अस्पताल लाया गया था। यहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। उसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी कोई चोटों के निशान नहीं आए हैं। मौत का कारण स्पष्ट न होने के चलते विसरा सुरक्षित कराया गया है।

### बेतिया एस्टेट की जमीन की डाक्यूमेंट्री बनाकर ले गई टीम

**मथौली।** स्थानीय नगर पंचायत सहित अन्य जगहों में स्थित बेतिया एस्टेट की जमीन की प्रशासन डाक्यूमेंट्री बना रहा है। बिहार सरकार की टीम ने मथौली, सिघाडी, मोहन मुंडेरा में स्थित जमीन डाक्यूमेंट्री तैयार की और उसे साथ ले गई। इससे मकान का निर्माण कराकर रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। बिहार सरकार ने कप्तानगंज और हाटा तहसील प्रशासन को जमीन की पैमाइश कराकर कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

### बड़ी गंडक नहर के किनारे बसेगा नया शहरी

**पडरौना।** नगर की बड़ी गंडक नहर के किनारे तमकुहीरोड के बनरहा मोड़ तक सड़क चौड़ी होने की मंजूरी मिल गई है। इस सड़क के निर्माण होने के बाद इसके आसपास के खाली पड़े जमीन पर आबादी बसेगी। इससे जमीन की भी कीमत बढ़ जाएगी।

पहले इस नहर की पटरी के किनारे रास्ता नहीं होने के चलते लोग जमीन लेने से हिचकते थे। सड़क चौड़ीकरण के बाद लोगों का झुकाव इस इलाके में होगा।

शहर में जिला मुख्यालय जाने वाले मार्ग स्थित बड़ी गंडक के किनारे तमकुहीरोड तक सड़क चौड़ीकरण की मंजूरी मिल गई है। यह सड़क बिहार जाने और बिहार से पडरौना के रास्ते नेपाल तक जाने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इस रास्ते तमकुहीराज से नेपाल जाने वाले लोगों के लिए करीब 50 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। वे लोग पहले कसया से सोनौली वाया गोरखपुर के रास्ते नेपाल तक दूरी तय करते थे।

### दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**पडरौना।** दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद दूसरा युवक बाइक लेकर फरार हो गया। लोगों ने घायल युवक को अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस को फोन किए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एंबुलेंस डेढ़ घंटे विलंब से आई, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

युवक अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। इसकी जानकारी होने पर परिजन और रिश्तेदार पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविंद्र नगर धूस थाना क्षेत्र के गनेशीपट्टी गांव निवासी बिकाऊ (35) नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मिठहा गांव में अपने ससुराल गया था। शुक्रवार की शाम को ससुराल से अकेले बाइक से घर लौट रहा था। अभी वह खांव खड्डा और रेलवे क्रॉसिंग के बीच पहुंचा था कि विपरित दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर हो गई। सिर पर हेलमेट नहीं होने के कारण बिकाऊ गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क पर गिरकर अचेत हो गया।

# बटेंगे तो कटेंगे... के बाद हम एक हैं तो नेक हैं... का नारा

## संविधान को लेकर इंद्रेश कुमार ने कही बड़ी बात



**वाराणसी, एजेंसी।** विज्ञान में भारत की वैश्विक भूमिका विषय पर आयोजित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक इंद्रेश कुमार ने युवाओं को संदेश दिया कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, संविधान हमारा मंदिर है, नर सेवा नारायण सेवा, और हम एक हैं तो नेक हैं।

यह कार्यक्रम बीएचयू के इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर साइंस के निदेशक प्रो. एसवीएस राजू के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक परंपरा पूरे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने भारतीय संविधान को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए इसे हर भारतीय का मंदिर करार दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, और एकता के महत्व पर बल देते हुए हम एक हैं तो नेक हैं का संदेश दिया।

इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में अल-हनीफ एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन हाजी वसीम अहमद और आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता दीनदयाल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल युवाओं में सकारात्मकता का संचार करते हैं, बल्कि समाज में एकता और सेवा भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत भाषण देते हुए प्रो. एसवीएस राजू ने कहा कि भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियां और सांस्कृतिक धरोहर हमें विश्व में अलग पहचान दिलाती हैं। युवाओं को इस धरोहर को संरक्षित करते हुए विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। यह आयोजन विज्ञान के क्षेत्र में भारत की वैश्विक भूमिका को समझने और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरणा देगा।

इस आयोजन को डॉ. अख्तर अली , कोऑर्डिनेटर, सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्ड, और रागोप सपोर्ट फाउंडेशन के श्री जयंती सिंह का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस प्रकार की चर्चाओं से उनमें समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी का एहसास बढ़ता है।

यह कार्यक्रम बीएचयू के कृषि विज्ञान संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया और इसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में भारत की वैश्विक भूमिका को समझना और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना था।

## जौनपुर में पुलिस पर फायरिंग : बुलेट प्रुफ जैकेट ने बचा ली थानाध्यक्ष की जान, मुठभेड़ में बदमाश घायल; एक फरार

**जौनपुर , एजेंसी।** जौनपुर के मछ्लीशहर कोतवाली और सुजानगंज की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में एक गोतस्कर गिरफ्तार हुआ है। उसके पैर में लगी गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक बाइक, 315 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा बरामद हुआ है। गिरफ्तार बदमाश का मछ्लीशहर सीएचसी में इलाज कराया गया। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

मछ्लीशहर और थाना सुजानगंज की संयुक्त टीम शुक्रवार की रात आपस में सर्किल क्षेत्र में घटित अपराध की रोकथाम के संबंध में बातचीत कर रही थी। इसी दौरान सुजानगंज रोड पर पराहित गेट के पास दो बादमाश आते हुए दिखाई दिए, जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया गया तो बाइक सवार गाड़ी मोड़कर भागने लगे।

थानाध्यक्ष मछ्लीशहर और उनकी टीम बदमाश का पीछा करते हुए मुस्तफाबाद पहुंची। इसी दौरान कंट्रोल रूम की सूचना पर थानाध्यक्ष सुजानगंज मोटर साइकिल सवार को घेर लिया। पुलिस से घिरता देखकर बाइक सवार ने अपनी गाड़ी दाहिने तरफ मोड़ लिया और भागने लगे और वाहन एक पुलिया से टकरा गई।

बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली थानाध्यक्ष मछ्लीशहर को लगी जो बुलेट प्रूफ जैकेट के सीने वाले हिस्से में फंस गई। आत्मरक्षार्थ थानाध्यक्ष मछ्लीशहर ने भी पिस्टल से एक राउंड फायर किया जो बदमाश के पैर में लग गई।

**अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरा बदमाश फरार:** पुलिस आगे बढ़ी तो एक बदमाश जमीन पर पड़ा कराह रहा था। वह अपने हाथ में एक 315 बोर का तमंचा लिए हुए था। उसके पास एक जिंदा कारतूस नीचे गिरा हुआ था। दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

घायल बदमाश आरिफ पुत्र मैनुद्दीन निवासी लमहन थाना महराजगंज (जौनपुर) गोतस्कर है। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी मछ्लीशहर जौनपुर भेजा गया।

## प्रभात पांडेय मौत प्रकरण: पिता से फोन पर...राहुल गांधी बोल रहा हूं, बहुत सॉरी हम सब आपके साथ- रोने लगे दीपक





**गोरखपुर , एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडेय के पिता दीपक से फोन पर बात की। राहुल गांधी ने दीपक पांडेय को सांत्वना दी और कहा तक दुख की इस घड़ी में वह उनके साथ हैं। उन्होंने कोई जरूरत होने पर उनसे बात करने को कहा। कहा कि पार्टी सारी व्यवस्था करेगी। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार की शाम को फोन किया। पिता दीपक पांडेय का नमस्कार से अभिवादन करते हुए कहा कि राहुल गांधी बोल रहा हूं, बहुत सॉरी...ये सुनते ही दीपक रोने लगे। राहुल गांधी ने पिता से घटना के बारे में पूछा तो दीपक रोते हुए बोले मुझ कुछ नहीं पता।

राहुल बोले आपको और परिवार को मेरा प्यार, किसी भी चीज की जरूरत हो तो हमें बता देना। पार्टी वालों को बता देंगे। दीपक बोले मेरा तो चिराग ही खत्म हो गया, कमाई धमाई का साधन, बुढापे का सहारा सब खत्म हो गया, क्या बचा हमारे पास। तब राहुल बोले कि घबराइए मत, हम सब आपके साथ हैं, ये घटना कैसे हुई।

इस पर दीपक बोले कि कुछ नहीं पता, मेरी पत्नी दोपहर से ही प्रभात को कॉल कर रही थी, फोन नहीं उठा रहा था। पांच बजे किसी से फोन उठाया तो बताया कि कार्यालय में प्रभात बेहोश पड़े हैं। इसके बाद लखनऊ में अपने भाई को कॉल कर सारी बात बताई, थोड़ी देर बाद पता चला कि बेटा नहीं रहा। इसके बाद राहुल ने दीपक को सांत्वना देते हुए कहा कि हम सब आपके साथ हैं। मम्मी को आपको और पूरे परिवार को मेरा प्यार।

### 3:29 मिनट राहुल गांधी ने की बात

देईपार ग्राम प्रधान चंद्रभूषण पांडेय ने बताया कि सबसे पहले 5:54 बजे राहुल गांधी की कॉल आई। तब मैं बाजार में था। मैंने कहा थोड़ी देर में बात करा दूंगा। फिर 6:02 बजे कॉल आई। इसके बाद 6:14 मिनट पर कॉल आई, तब राहुल गांधी की दीपक पांडेय से बात कराई। राहुल पांडेय के निजी सचिव आलेकर स्वाई ने कॉल की थी। राहुल गांधी ने 3:29 मिनट तक बात की।

## काशी विद्यापीठ का दीक्षांत : मुख्य अतिथि ने बहुमुखी प्रतिभाओं को सराहा



**वाराणसी , एजेंसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में दो दिवसीय उपाधि वितरण समारोह के पहले दिन 44 पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 46 में से 38 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। पीजी में आठ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस बार स्नातक और स्नातकोत्तर में पदक पाने वालों की सूची में सबसे अधिक 34 छात्राओं ने नाम दर्ज करवाया है।

12 छात्रों का नाम भी पदक पाने वालों में हैं। मुख्य अतिथि जीएलए विश्वविद्यालय और एकेटीयू के पूर्व कुलपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान ने मेधावियों को पदक देते हुए अपनी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा से ही देश की अलग पहचान है। ऐसा करना होगा कि हम सभी को बाहर न जाना पड़े, लोग यहां आए।

विश्वविद्यालय के गांधी अध्ययन पीठ में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि काशी विद्यापीठ की स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता एवं गुरु का सम्मान करना चाहिए।

## फर्जी डिग्री : जेल में बंद मास्टरमाइंड, अलाउद्दीन और राम पांडेय की तलाश; घर-परिवार के सदस्य भी लापता




**गोरखपुर , एजेंसी।** डॉक्टरों की फर्जी डिग्री बनाने के आरोपी प्रयागराज के राम पांडेय की अंतरिम सुरक्षा हाईकोर्ट ने वापस ले ली है। इसके बाद 25 हजार के इनामी कुशीनगर तमकुहीराज अलाउद्दीन के साथ ही राम पांडेय की एक बार गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तलाश शुरू कर दी।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया है कि अलाउद्दीन की तलाश चल रही है। जल्द ही टीम राम पांडेय को पकड़ने प्रयागराज रवाना होगी। गिरोह का मास्टरमाइंड वाराणसी निवासी दीपक विश्वकर्मा को उसके दो साथियों के साथ पहले ही जेल भिजवा दिया गया है।

दरअसल, 17 मई को डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर अलाउद्दीन और राम पांडेय पर गुलरिहा थाने में केस दर्ज किया था। जांच आगे बढ़ी तो गुलरिहा पुलिस एक सितंबर को गाजीपुर जिले के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया।

**इनाम बढ़ा तो फरार हो गया अलाउद्दीन का परिवार:** कुशीनगर के 25 हजार के इनामी अलाउद्दीन को पकड़ने लगातार पुलिस टीम प्रयास कर रही है। अलाउद्दीन के खाते में पांच लाख रुपये डिग्री के लिए भेजे गए थे। इसका विवरण पुलिस को बैंक से मिल गया है। अलाउद्दीन का परिवार भी घर से फरार है। घर पर पुलिस टीम गई थी, वहां ताला लटका हुआ था।

## दो सहेलियों की खुदकुशी: एक साथ पढ़ीं एक ही दिन छोड़ी दुनिया, अपने-अपने हाथ में गुदवा रखा था एक-दूसरे का नाम

**कानपुर एजेंसी।** बांदा जिले में गर्म कपड़े दिलाने की जिद पूरी न होने पर युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। इसकी जानकारी पड़ोस में रहने वाली सहेली को हुई तो उसने भी फंदा लगाकर जान दे दी। अगल-बगल मकानों में दो युवतियों की खुदकुशी से हलचल मई गई। दोनों युवतियां अनुसूचित जाति की हैं।

देहात कोतवाली के जारी गांव की गायत्री देवी वर्मा (19) ने शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे घर की अटारी में रस्सी फंदा लगा लिया। छोटी बहन प्रियंका ने उसे आवाज दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न होने पर उसने अटारी में जाकर देखा तो वह फंदे से लटकी थी। पिता देवराज वर्मा ने बताया कि दो दिन से गायत्री कपड़े दिलाने की जिद कर रही थी। जिद पूरी न होने पर उसने खुदकुशी कर ली। गायत्री तीन बहनों व दो भाइयों में दूसरे नंबर की थी। उधर, देवराज वर्मा के बगल स्थित घर में रहने वाली पुष्पा प्रजापति (18) ने सुबह 11 बजे मकान के बयाले से दुपट्टे से फंदा लगा लिया। पिता छोटेलाल प्रजापति ने उसे फंदे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। घटना के समय मां सुइया व अन्य भाई-बहन पड़ोस में हुई गमी में शामिल होने गए थे। पिता छोटेलाल प्रजापति ने बताया कि गायत्री और पुष्पा घनिष्ठ सहेलियां थीं।

## डॉक्टर बनना चाहती थी माही: बाथरूम में गई नहाने, गीजर से घुटा दम, स्कूल में पहुंची मौत की सूचना, रो पड़े दोस्त

**अलीगढ़ एजेंसी।** 12वीं के बाद माही का ख्वाब डॉक्टर बनना था, इसलिए वह 10वीं के बाद पीसीबी (भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान) लेकर पढ़ाई कर रही थीं। वह गणित से डरती थीं, जैसे ही वह कक्षा 11 में पहुंचीं। उन्होंने गणित के बजाय पीसीबी से पढ़ाई शुरू कर दी। परिजनों का कहना है कि उनको गणित से डर लगता था। वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती थीं। उधर, स्कूल में शोकावकाश घोषित कर दिया। माही की मौत से उसके साथ पढ़ने वाले दोस्त रो पड़े। दूसरी बार गैस गीजर से माही का दम घुटा है। पहली बार वर्ष 2022 में बाथरूम में नहाने के दौरान वे बेहोश हो गई थीं। संयोग से परिजन घर पर थे, उनके गिरने की आवाज सुन कर परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला। तब से बाथरूम के दरवाजे पर सिटकनी नहीं लगाई गई थी। मगर, गैस गीजर को दुरुस्त नहीं कराया गया था। इस बार दम घुटने से माही बाथरूम में मरणासन्न मिलीं और गैस गीजर चालू मिला।

**रामेश्वर की यात्रा पर हैं दादा-दादी:** माही के दादा मुनीष सिंह और दादी सरोज देवी तीर्थधाम रामेश्वर की यात्रा पर हैं। वह 13 दिसंबर को यात्रा के लिए रवाना हुए थे। 23 दिसंबर को उनकी वापसी है। उन्हें माही की मृत्यु की सूचना दे दी गई है। माही के परिवार में बड़ा भाई माधव सिंह हैं, जो बीटेक कर रहा है।

**मौत की वजह बनी बंद खिड़की:** माही की मौत की वजह बंद खिड़की बनी। 6 गुणा 8 फुट में घर में लेट-बाथ है। इसमें एक गुणा 1.5 फुट की खिड़की है, जो बंद थी। ठंड की वजह से खिड़की बंद कर दी गई थी। बाथरूम में ऑक्सीजन कम होने और कार्बन मोनो ऑक्साइड बढ़ने की वजह से माही मरणासन्न हो गई।


**बाथरूम में लगा गैस गीजर:** गैस गीजर के इस्तेमाल से बचें

जेएन मेडिकल कॉलेज के चेस्ट व टीबी डिपार्टमेंट के चेयरमैन प्रो. मोहम्मद शमीम ने बताया कि बाथरूम में गैस गीजर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बंद बाथरूम में गैस गीजर ऑक्सीजन को खत्म कर देता है, जिसकी वजह से व्यक्ति की मौत हो जाती है। आईएमए के संयुक्त सचिव डॉ. भरत वार्ष्णेय ने बताया कि गैस गीजर के बजाय बिजली से चलने वाले गीजर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गैस गीजर जानलेवा साबित होता है।

**ऑक्सीजन को बदलता है कार्बन मोनो ऑक्साइड में:** एएमयू के रसायन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इशात मोहम्मद खान ने कहा कि गैस गीजर जब चलता है, तो वह आसपास की ऑक्सीजन को खींचता है। ऑक्सीजन खत्म होकर कार्बन मोनोऑक्साइड में बदल जाती है। कार्बन मोनोऑक्साइड जहरीली गैस है। कार्बन मोनोऑक्साइड रक्त कणिकाओं में मौजूद होमोग्लोबिन अणुओं से संयोग करती है। उन्हें शरीर के विभिन्न भागों में ऑक्सीजन पहुंचाने से रोकती है। इससे व्यक्ति की मौत हो जाती है।

## आगरा-दिल्ली हाईवे की दो लेन होंगी बंद...मेट्रो का काम हुआ शुरू

### बदलेगी यातायात व्यवस्था




**आगरा एजेंसी।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन ने दूसरे कॉरिडोर के लिए निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वर्ष 2027 तक मेट्रो के पहले और दूसरे कॉरिडोर का कार्य पूरा किया जाना है। वहीं मेट्रो के लिए गुरु के ताल से सिकंदरा तक हाईवे के मध्य से आठ मीटर चौड़ाई पर बैरिकेडिंग की जाएगी। जाम लगा तो रेलिंग तोड़कर सर्विस रोड से भी भारी वाहन गुजारे जाएंगे। इसके लिए यातायात पुलिस यातायात प्लान बनाएगी।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद राय ने बताया कि दूसरा कॉरिडोर आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक बनेगा। इसमें 14 स्टेशन हैं और दूरी करीब 15 किमी है। ये पूरा ट्रैक एलिवेटेड है। दूसरे कॉरिडोर के लिए मिट्टी की जांच पूरी होने के बाद सदर क्षेत्र में पाइल लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसकी गहराई 27 मीटर है। चार पाइल लगाए गए हैं। इस पर पिलर स्थापित किया जाएगा। 14 स्टेशनों का निर्माण 2027 तक पूरा हो जाएगा।

यातायात पुलिस, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों ने सर्वे कर लिया है। यूपीएमआरसी के उप महाप्रबंधक पंचानन मिश्रा ने बताया कि पहले कॉरिडोर का आईएसबीटी स्टेशन सर्विस रोड से गुजरेगा। गुरु के ताल पर आकर ट्रैक हाईवे के मध्य से जाएगा।

इसके लिए डिवाइडर के दोनों ओर 4-4 मीटर पर बैरिकेडिंग की जाएगी। इससे दोनों ओर के एक-एक लेन बंद हो जाएंगे। अगर हाईवे पर दो-दो लेन से वाहन गुजरने में जाम लगता है तो रास्ते को चौड़ा करने के लिए रेलिंग हटाकर सर्विस रोड को भी मिलाने की योजना है। इससे यातायात सुगमता से चलेगा। महीने के अंत तक यातायात प्लान बन जाएगा और जनवरी में हाईवे पर दोनों ओर से बैरिकेडिंग शुरू कर दी जाएगी।

**नए सिरे से लगेंगे खंभे-एफओबी:** एनएचएआई के घटना प्रबंधक आवेश खान ने बताया कि एलिवेटेड ट्रैक बनाने से पहले पूरे ट्रैक की वीडियोग्राफी की गई है। इसमें खंभे, फुटओवर ब्रिज, डिवाइडर समेत जो भी हटाए जाएंगे, ट्रैक बनने के बाद उन्हें नए सिरे से बनाकर यूपीएमआरसी देगा। बैरिकेडिंग के लिए अभी किसी कट को बंद करने की जरूरत नहीं बताई गई है।